# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायपुर, (छ.ग.)

दूरभाषः—0771—2421812 Email:-deo-raipur.cg@nic.in

## लोकसभा चुनाव 2014 हेतु विडियोग्राफी/सी.सी.टी.व्ही./एल.सी.डी. प्रोजेक्टर के लिए निविदा की शर्ते

लोकसभा निर्वाचन 2014 के लिये रायपुर जिला स्थित 01 लोकसभा क्षेत्र के नामांकन के दौरान/चुनाव प्रचार के दौरान घटनाओं के/मतदान दिवस में मतदान के दौरान/प्रेक्षक के निर्देशानुसार घटनाओं के/मतगणना के दौरान विडियोग्राफी, सी.सी.टी.व्ही., एल.सी.डी. प्रोजेक्टर के व्यवस्था किये जाने हेतु इच्छुक एवं योग्य निविदाकारों से निम्न शर्तों के अधीन निविदा प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है :—

### निविदा की शर्ते

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रायपुर के कक्ष क्रं.—09 से दिनांक **11.03.2014** को दोपहर 1.00 बजे तक रू. 500/— जमा कर प्राप्त किया जा सकेगा।
2. पूर्णतया भरा हुआ व हस्ताक्षरित निविदा प्रस्ताव दिनांक **11.03.2014** को दोपहर 3.00 बजे तक पंजीकृत डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के कक्ष क्रं. 09 में प्रस्तुत किया जा सकेगा। निविदा प्रस्ताव स्पष्ट रूप से पूर्णतया भरा हुआ मुहर बन्द लिफाफे में जमा किया जावें। समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदा प्रस्ताव पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। उसी दिन शाम 4 बजे गठित क्रय समिति द्वारा निविदाकारों की उपस्थिति में निविदा खोली जावेगी।
3. निविदाकार को अपनी निविदा में सर्विस टेक्स की क्रमांक/दिनांक अंकित करना आवश्यक है।
4. निविदाकार के पास विडियोग्राफी कार्य करने का अनुभव होना चाहिए साथ ही कम से कम 50 विडियोग्राफर होने चाहिए आवष्यकता पड़ने पर बढ़ाया जा सकता है, मतगणना हेतु सी. सी.टी.व्ही. तथा प्रषिक्षण हेतु एल.सी.डी. प्रोजेक्टर भी लगाया जा सकते है।
5. निविदा स्वीकृत हो जाने के उपरांत निविदादाता की यह जिम्मेदारी होगी कि कार्य निर्बाध रूप से निरंतर चलता रहे किसी भी तरह के विलंब अथवा रूकावट के लिए प्रतिभूति राशि से कटौति की जावेगी अथवा प्रतिभूति की राशि राजसात कर ली जावेगी। निविदा के साथ रूपये 25000/— (पच्चीस हजार रूपये ) की अमानत राषि का डी.डी. अथवा बैंकर्स चेक जमा किया जाना अनिवार्य है।

6. निविदाकार को भुगतान के समय आयकर, वाणिज्यकर एवं अन्य करों की नियमानुसार कटौति की जावेगी।
7. निविदाकार द्वारा अपना निविदा प्रस्ताव मूल फार्म में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। निविदा प्रस्ताव "A", "B" एवं "C" नामक तीन मुहर बंद लिफाफे में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। भाग I "A" लिफाफे में (अमानत राषि सहित), भाग II दर "B" लिफाफे में, "A", "B" लिफाफो को "C" लिफाफे में मुहर बंद किया जाकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय कक्ष क्रं.–09 में जमा किया जाना है।
8. लिफाफा "A" सर्व प्रथम खोला जावेगा। यह सही पाये जाने पर लिफाफा "B" खोला जावेगा। आवष्यकता पड़ने पर दर निगोसिएषन (Negotiation) किया जा सकता है।
9. किसी भी विवाद की स्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रायपुर का निर्णय अंतिम होगा। जो कि निविदाकार के लिए मान्य एवं बन्धनकारी होगा।

**संलग्न :–** पार्ट I एवं II

**कलेक्टर**
**एवं जिला निर्वाचन अधिकारी**
**रायपुर छत्तीसगढ़**

# भाग–I

## निविदादाता के व्यवसाय का ब्यौरा

**(निविदादाता द्वारा भरा जावेगा)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदाकार का नाम, पता एवं फोन नंबर, ई–मेल आई. डी. | :– | .....<br>.....<br>.....<br>.....<br>..... |
| 2. | निविदाकार का संगठन (संगठन / साझेदार की संख्या) | :– | .....<br>..... |
| 3. | अनुभव (वर्षो में ) | :– | .....<br>..... |
| 4. | पैन कार्ड क्रमांक / दिनांक | :– | .....<br>..... |
| 5. | सर्विस टेक्स क्रमांक / दिनांक | :– | .....<br>..... |
| 6. | उलब्ध कैमरों तथा उन्हे संचालित करने वाले उपलब्ध अनुभवी व्यक्तियों की सूची (विवरण संलग्न करें ) | :– | .....<br>.....<br>..... |
| 7 | अमानत राषि (डी.डी. या बैकर्स चेक) | :– | .....<br>.....<br>..... |

**निविदाकार के हस्ताक्षर**

# भाग– II

## बोली (दर) का प्रदर्शित करने वाला प्रत्रक

| आईटम | लगाई गई बोली राशि प्रति दिन, प्रति आयटम |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 1. विडियोग्राफर सहित विडियो कैमरा<br>2. सी.सी.टी.व्ही. डिस्प्ले कंट्रोल सहित<br>3. एल.सी.डी. प्रोजेक्टर | |

मैने निविदा की शर्तें पढ लिया है एवं उसमें बताई गई शर्तें मुझे मंजुर है। मैने बोली राशि उपरोक्तानुसार अंकित किया है, आदेशानुसार मै उपरोक्त कार्य सम्पन्न करने के लिए तैयार हूँ।

दिनांक :– .....

स्थान :– .....

**निविदाकार का हस्ताक्षर**

**नाम :–** .....

**पता :–** .....

## –:: प्रमाण पत्र ::–

1. मै/हम प्रमाणित करता हूँ/करते है कि मेरे/हमारे द्वारा निविदा प्रपत्र में दी गई जानकारी सत्य है।
2. मेरे अथवा किसी निकट संबंधी का किसी भी राजनैतिक दल अथवा मेरे द्वारा प्रस्तुत की जा रही निविदा में उल्लेखित क्षेत्र से संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव लड़ने वाले किसी भी अभ्यर्थी से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से कोई संबंध नहीं है। मै वचन देता हूँ कि यदि भविष्य में मेरे अथवा मेरे किसी निकट संबंधी का राजनैतिक दल अथवा मेरे द्वारा प्रस्तुत की जा रही निविदा एवं उल्लेखित क्षेत्र से संबंधित निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले किसी भी अभ्यर्थी से यदि कोई प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष संबंध निर्मित होता है, तो मै उसकी अविलम्ब सूचना किसी भी परिस्थिति में 24 घंटे के भीतर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी/संबंधित रिर्टनिंग आफिसर को इसकी लिखित सूचना प्रस्तुत करूंगा।
3. मै/हम अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा के साथ राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानते हुए पूर्ण करेंगें तथा ऐसा कोई कृत्य नहीं करेगें जिससे .चुनाव के निष्पक्ष होने पर प्रतिकुल प्रभाव पड़े ।

दिनांक :– .....

स्थान :– .....

**निविदाकार का हस्ताक्षर**

**नाम :–** .....

**पता :–** .....